>

Title: The Speaker appealed to the Members to maintain decorum and dignity of the House.

माननीय अध्यक्ष: माननीय गण, आप सब माननीय हो, देश की जनता ने आपको चुनकर भेजा है । मेरा आपसे आग्रह है, लगातार दो सप्ताह से सदन की कार्यवाही बाधित हो रही है, उसके कारण करोड़ों रुपये देश की जनता के खर्च हो रहे हैं । मेरा आपसे आग्रह है, यह सदन चर्चा और संवाद तथा जनता की समस्या व अभाव रखने के लिए है । आप सब माननीय गण हो, आपका व्यवहार समाज को दिशा देने वाला होना चाहिए । लेकिन माननीय गण, आप नारेबाजी कर रहे हैं, तख्तियाँ लहरा रहे हैं, यह सदन के लिए उपयुक्त नहीं है और हमारी संसदीय परंपराओं के लिए भी उपयुक्त नहीं है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मेरा आग्रह है कि आप सब सदन में अपनी-अपनी सीट पर विराजें । मैं आपको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूँगा ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आप विराजें । मैं आप सब को मौका दूँगा । आप माननीय हैं । आप लाखों मतदाताओं को रिप्रेजेन्ट करते हैं ।

प्लीज़, आप सब अपने-अपने स्थान पर जाइए ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

-

11.38 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

-

12.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

… (व्यवधान)

12.0 ½ hrs

At this stage Sushri Mahua Moitra, Shri Hibi Eden, Shrimati Harsimrat Kaur Badal, Shri P. R. Natarajan and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

… (व्यवधान)